**हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड**

**(भारत सरकार का एक उद्यम)**

**ताम्र भवन, 1, आशुतोष चौधुरी एवेन्यू, कोलकाता - 700019**

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड ,(एचसीएल)एक लम्बवत एकीकृत बहुइकाई-, अनुसूची 'क' का मिनिरत्न, केन्द्रीय सरकार का उपक्रम ,जिसका वर्ष 2017-18 में रु. 1647.90 का सकल टर्नोवर हुआ है, खनन एवं परिशोधित तांबे के उत्पादन से संबंधित है। इसकी गतिविधियों में इसके तांबे के तैयार उत्पादों हेतु खनन, रासायनिक प्रसंस्करण, सांद्रीकरण, परिशोषन एवं उत्पादन है, जो कि इसकी झारखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र तथा गुजरात स्थित इकाइयों में होता है। इसका निगमित कार्यालय कोलकाता में स्थित है। इसकी अधिकतर इकाइयों में आधुनिक सुविधा-सम्पन्न विकसित टाउनशिप हैं। कम्पनी विकास एवं प्रसार के मार्ग पर तीव्रता से अग्रेसर है। इसका दृष्टिकोण 'लोक केन्द्रित' है तथा कर्मचारियों के विकास एवं आकांक्षाओं से परिपूर्ण विस्तृत मानव संसाधन पध्दतियों एवं सुस्पष्ट नीतियाँ है । इसके विकास क्रम में सहभागी बनने तथा प्रमुख पदों पर कार्य करने हेतु, कम्पनी उन स्व-प्रेरित, व्यवसायिक स्तर पर योग्य एवं अनुभवी भारतीय नागरिकों, जिनकी योग्यता प्रमाणित हो, निम्नलिखित टेबल में वर्णित विभिन्न विधाओं व वर्गों में **ऑनलाइन नियुक्ति आवेदन** आमंत्रित करता है।

**1.** (क) भरी जाने वाली प्रस्तावित रिक्तियाँ निम्नवर्णित हैं ।

| क्र .सं. | कैडर/ विधा | वर्ग / रिक्तियों की संख्या / आरक्षण | | | | | | | | | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ई-9 | ई-8 | ई-7 | ई-6 | ई-5 | ई-4 | ई-3 | ई-2 | ई-1 | |
| 1. | खनन | | | 2 (अना-1, अजा1-) | | 3 (अना-2, अपिव-1) | | 3 (अना-3) | 7 (अना-4, अजजा-1, अपिव2-) | 7 (अना-3, अजा-2, अपिव-2) | **22** |
| 2. | भूविज्ञान | | | | | | 3 (अना-2, अजा1-) | 2 (अना-1, अपिव1-) | | | **5** |
| 3. | सर्वेक्षण | | | | | | | | 3 (अना-1, अजा-1, अपिव-1) | 5 (अजा-1, अपिव-4) | **8** |
| 4. | सांद्रक | | | | | | | | 1 (अपिव-1) | 3 (अना-1, अजा-1, अपिव-1) | **4** |
| 5. | धातुकर्म | | | 1 (अना-1) | | | | | | 3 (अजा-1, अपिव-2) | **4** |
| 6. | रिफ्रैक्ट्री | | | | 1 (अना-1) | | | | | | **1** |
| 7. | केमिकल | | | | 1 (अजा-1) | | | | | 1 (अजजा-1) | **2** |
| 8. | इलेक्ट्रिकल (इंस्ट्रुमंटेशन सहित) | | 2 (अना-1, अपिव-1) | | | 2 (अजा-1, अपिव-1) | | | 10 (अना-4, अजजा-1, अजा-1, अपिव-4) | 10 (अना-8, अपिव-2) | **24** |
| 9. | मेकैनिकल | 1 (अना-1) | | | 2 (अना-1, अपिव-1) | | 4 (अना-2, अपिव-2) | | 4 (अना-2, अजजा-1, अपिव-1) | 10 (अना-5, अजा-2, अजजा-1, अपिव-2) (एचएच-1) | **21** |
| 10. | सिविल | | | | | | 2 (अना-2) | | 4 (अना-2, अजा-1, अजजा-1) | 4 (अना-3, अपिव-1) | **10** |
| 11. | सिस्टम्स | | | | | 2 (अना-2) | | | | 5 (अना-3, अपिव-2) (वीएच-1*) | **7** |
| 12. | अनुसंधान एवं विकास | | | | | | | | 6 (अना-3, अजजा-1, अपिव-2) | | **6** |
| 13. | सुरक्षा एवं अग्नि सेवाएं | | | | | | | | 3 (अना-1, अपिव-2) | | **3** |
| 14. | पर्यावरण प्रबंधन | | | | | | 1 (अजजा-1) | | 2 (अजा-1, अपिव-1) | 1 (अना-1) (एचएच-1*) | **4** |
| 15. | मानव संसाधन | | 1 (अना-1) | 2 (अना-1, अजा-1) | 3 (अना-3) | | | 3 (अजा-2, अपिव-1) (वीएच-1) | 3 (अना-2, अपिव-1) | 6 (अना-5, अपिव-1) (ओएच-1) | **18** |
| 16. | प्रशासन | | | 1 (अना-1) | | | 2 (अना-1, अजा-1) | | | | **3** |
| 17. | विधि | | | 1 (अना-1) | | 1 (अना-1) | | 1 (अना-1) | | 3 (अना-3) | **6** |
| 18. | वित्त | | | | 3 (अना-1, अजा-1, अपिव-1) | | | 2 (अना-2) | 1 (अजा-1) | 4 (अना-2, अजा-1, अपिव-1) (ओटीएच-1) | **10** |
| 19. | सामग्री एवं संविदा | | | 1 (अपिव-1) | | 6 (अना-3, अजा-1, अपिव-2) | 1 (अपिव-1) | | 1 (अजजा-1) | | **9** |
| 20. | विपणन | | | | | | | 2 (अना-2) | 3 (अना-2, अपिव-1) | 2 (अजा-1, अपिव-1) | **7** |
| 21. | राजभाषा | | | | | | 1 (अना-1) | | 2 (अजा-1, अपिव-1) | | **3** |
| | कुल | 1 | 3 | 8 | 10 | 14 | 14 | 13 | 50 | 64 | **177** |

लघु रूप: अना - अन आरक्षित; अजा - अनुसूचित जाति; अजजा - अनुसूचित जनजाति; अपिव- अन्य पिछड़े वर्ग; वीएच- दृष्टि लिकलांग; अवि - अस्थि विकलांग; एचएच- श्रवण विकलांग; ओटीएच-अन्य विकलांग।

टिप्पणी:

1. आरक्षित रिक्तियों में बकाया रिक्तियाँ भी सम्मिलित हैं।.
2. पीडबल्यूडी रिक्तियाँ कुल रिक्तियों में हैं।
3. अन्य विकलांग (ओटीएच) में - ऑटिज्म, बौद्धिक अक्षमता, निर्दिष्ट शिक्षण अक्षमता एवं मानसिक रोग तथा वीएच, अवि, एचएच तथा ओटीएच वर्ग के लोगों की बहरा-अंधा होना सहित बहु अक्षमताएँ हैं।

4.* **जिन मामलों में पीडबल्यूडी की निर्दिष्ट आरक्षित श्रेणी उपलब्ध नहीं हो, तो आरक्षित पीडबल्यूडी पद की अन्य** उपलब्ध पदों के साथ अदला-बदली की जाएगी।

(ख) प्रबंध प्रशिक्षुओं (एमटी) के पद पर फ्रेशर्स (प्रारम्भकर्ता)

(i) फ्रेशर्स द्वारा ई-1 वर्ग में रु. 40000-3%-140000 के वेतनमान पर प्रबंध प्रशिक्षु (एमटी) (केवल विधि के अलावा) के पद हेतु आवेदन किया जा सकता है।

(ii) प्रभावी तिथि (डेट ऑफ रेकॉनिंग) पर आवेदकों के पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए।

**2. प्रभावी तिथि (डेट ऑफ रेकॉनिंग)**

क) आयु / अनुभव / शैक्षणिक योग्यता आदि की गणना किए जाने की प्रभावी तिथि 14/11/2018 होगी।

ख) प्रभावी तिथि पर, आवेदकों के पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि होने चाहिए तथा उनकी आयु निर्धारित अधिकतम आयु से अधिक नहीं होनी चाहिए।

3. आयु सीमा तथा पद योग्यता अनुभव

क) प्रभावी तिथि पर विभिन्न पदों के लिए आवश्यक अधिकतम आयु सीमा तथा न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पश्चात अनुभव निम्नानुसार होनी चाहिए ।

| ग्रेड | पद का नाम | वेतनमान (रु.) | आयु सीमा तथा पद शैक्षणिक योग्यता आवश्यकता (वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | | 01/01/2017 से प्रभावी | अधिकतम आयु (से कम) | न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पश्चात अनुभव |
| ई-9 | कार्यपालक निदेशक | 150000-3%-300000 | 57 | 23 |
| ई -8 | महाप्रबंधक | 120000-3%-280000 | 56 | 20 |
| ई -7 | उप महाप्रबंधक | 100000-3%-260000 | 55 | 17 |
| ई -6 | सहायक महाप्रबंधक | 90000-3%-240000 | 52 | 14 |
| ई -5 | मुख्य प्रबंधक | 80000-3%-220000 | 50 | 11 |
| ई -4 | वरिष्ठ प्रबंधक | 70000-3%-200000 | 47 | 9 |
| ई -3 | प्रबंधक | 60000-3%-180000 | 42 | 6 |
| ई -2 | उप प्रबंधक | 50000-3%-160000 | 40 | 3 |
| ई -1 | सहायक प्रबंधक | 40000-3%-140000 | 35 | 1 |

एमटी के तौर पर ई-1 ग्रेड में आवेदन करने वाले फ्रेशर्स की अधिकतम आयु सीमा प्रभावी तिथि पर 30 वर्ष हो तथा उनका कोई पूर्ण कार्य अनुभव आवश्यक नहीं होगा।

ख) किसी सार्वजनिक उपक्रम / सरकारी / अर्ध-सरकारी संगठन में कार्यरत उम्मीदवार को प्रभावी तिथि तक निम्नलिखित वेतनमान / ग्रेड के ठीक नीचे के स्तर पर कम से कम दो वर्ष की सेवा पूरा किए रहना होगा ।

| पद हेतु ग्रेड | नीचे के ग्रेड का आवश्यक वेतनमान, प्रभावी 01/01/2017 से (रु.) |
|---|---|
| ई-9 | 120000-3%-280000 |
| ई -8 | 100000-3%-260000 |
| ई -7 | 90000-3%-240000 |
| ई -6 | 80000-3%-220000 |
| ई -5 | 70000-3%-200000 |
| ई -4 | 60000-3%-180000 |
| ई -3 | 50000-3%-160000 |
| ई -2 | 40000-3%-140000 |
| ई -1 | 30000-3%-120000 |

ग) किसी सार्वजनिक उपक्रम / सरकारी / अर्ध-सरकारी संगठन में कार्यरत उम्मीदवार को वर्तमान के वेतनमान के आवेदन किए गए पद से ठीक नीचे के वेतनमान के बराबर को सिद्ध करने का दायित्व होगा।

घ) जिन मामलों में वेतनमान का 01/01/2017 तक संशोधन नहीं हुआ हो, उन में 1992/1997/2007 का डीपीई वेतनमान स्वीकृत होगा। पहले की वेतन संरचना के समतुल्य (01/01/2007 से 01/01/1997 तक का प्रभावी वेतनमान) को एचसीएल में, डीपीई दिशानिर्देश के अनुसार व्याप्त वेतनमान के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

**4. शैक्षणिक योग्यता**

क) विभिन्न कैडर / विधा के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता निम्नलिखित है ।

| क्र.सं. | कैडर/विधा | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| i. | खनन | <u>ई-1 से ई-3 ग्रेड के लिए</u>:<br>खनन प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि।<br><u>ई - 4 एवं उससे ऊपर</u>:<br>खनन प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि, प्रथम श्रेणी के खान प्रबंधक की निपुणता के प्रमाण-पत्र (अप्रतिबंधित) सहित। |
| ii. | भूविज्ञान | भूविज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि। |
| iii. | सर्वेक्षण | खनन / सिविल प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि, निपुणता का सर्वेक्षण प्रमाण-पत्र अथवा एम.टेक. (जियोमैटिक्स) सहित। |
| iv. | धातु विज्ञान | प्रौद्योगिकी / तकनीकी में स्नातक उपाधि (धातु विज्ञान / सामग्री विज्ञान / रासायनिकी) |
| v. | रासायनिकी | |
| vi. | कॉन्संट्रेटर | अयस्क ड्रेसिंग / प्रौद्योगिकी / तकनीकी (अयस्क प्रौद्योगिकी धातु विज्ञान / सामग्री विज्ञान / रासायनिकी) में स्नातक उपाधि |
| vii. | मेकैनिकल | मेकैनिकल प्रौद्योगिकी / खनन मशीनरी में स्नातक उपाधि |
| viii. | इलेक्ट्रिकल (इंस्ट्रुमेंटेशन सहित) | प्रौद्योगिकी / तकनीकी (इलेक्ट्रिकल / इंस्ट्रुमेंटेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स तथा टेलिकम्युनिकेशन) में स्नातक उपाधि |
| ix. | सिविल | सिविल प्रौद्योगिकी / आर्किटेक्चर में स्नातक उपाधि |
| x. | रिफ्रैक्टरी | प्रौद्योगिकी / तकनीकी (सिरामिक) में स्नातक उपाधि |
| xi. | अनुसंधान एवं विकास | रासायनिक प्रौद्योगिकी / तकनीकी में स्नातक उपाधि अथवा रासायनिकी में स्नातकोत्तर उपाधि (विशेष कर इनॉर्गनिक रासायनिकी / एनालिटिकल केमिस्ट्री में विशेषज्ञता) |
| xii. | सिस्टम्स | गणित / सांख्यिकी / भौतिकी / रसायनशास्त्र में स्नातक उपाधि अथवा प्रौद्योगिकी / तकनीकी (सूचना प्रौद्योगिकी / कम्प्यूटर विज्ञान) में स्नातक उपाधि अथवा सिस्टम्स / आईटी में विशेषज्ञता सहित एमबीए अथवा एमसीए अथवा ऑपरेशन्स रिसर्च में स्नातकोत्तर डिप्लोमा |
| xiii. | पर्यावरण प्रबंधन | पर्यावरणीय प्रौद्योगिकी / तकनीकी में स्नातक उपाधि अथवा प्रौद्योगिकी / तकनीकी में स्नातक उपाधि व साथ में पर्यावरणीय प्रौद्योगिकी / पर्यावरणीय प्रबंधन / पर्यावरणीय विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा |
| xiv. | सुरक्षा एवं अग्नि सेवा | प्रौद्योगिकी / तकनीकी में स्नातक उपाधि व साथ में सुरक्षा प्रौद्योगिकी प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा अथवा सुरक्षा / अग्नि प्रौद्योगिकी में बी.टेक. |
| xv. | वित्त | इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स ऑफ इण्डिया / यूके अथवा इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड वर्क्स अकाउन्टेंट्स ऑफ इण्डिया / यूके की अंतिम परीक्षा पास की हो अथवा एमबीए वित्त। |
| xvi. | मानव संसाधन विकास | कला / वाणिज्य / विज्ञान / प्रौद्योगिकी / पेशेवर अध्ययन (बीबीए/ बीसीए आदि) में स्नातक उपाधि व साथ में कार्मिक प्रबंधन में एमबीए अथवा कार्मिक प्रबंधन / सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा जो कि कल्याण अधिकारी के तौर पर कार्य करने हेतु विभिन्न श्रम कानूनों के अनुसार स्वीकृत हो। |
| xvii. | प्रशासन | कला / वाणिज्य / विज्ञान / प्रौद्योगिकी / पेशेवर अध्ययन (बीबीए/ बीसीए आदि) में स्नातक उपाधि व साथ में किसी भी विधा / प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा |
| xviii. | विधि | कला / वाणिज्य / विज्ञान / प्रौद्योगिकी / पेशेवर अध्ययन (बीबीए/ बीसीए आदि) में स्नातक उपाधि व साथ में पाँच वर्षों के एकीकृत बीए / बीएससी / बीकॉम / बीबीए एलएलबी की स्नातक उपाधि |
| xix. | सामग्री एवं ठेका | कला / वाणिज्य / विज्ञान / प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि व साथ में सामग्री प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा अथवा सामग्री प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित एमबीए। |
| xx. | विपणन | कला / वाणिज्य / विज्ञान / प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि व साथ में विपणन प्रबंधन में |

| | | |
|---|---|---|
| | | स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा अथवा विपणन प्रबंधन में विशेषज्ञता सहित एमबीए। |
| xxi. | राजभाषा | एमए (हिन्दी) व साथ में स्नातक स्तर पर एक विषय के तौर पर अंग्रेजी। |

ख) विभिन्न कैडर / विधा के प्रबंधन प्रशिक्षुओं (एमटी) के लिए **आवश्यक शैक्षणिक योग्यता निम्नलिखित है ।**

| कैडर/विधा | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|
| 1. खनन, कान्संट्रेटर, धातुविज्ञान, रासायनिकी, इलेक्ट्रिकल (इंस्ट्रुमेंटेशन सहित), मेकैनिकल, सिविल, पर्यावरणीय प्रबंधन। | किसी मान्यता-प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से खनन, खनिज प्रसंस्करण, धातु विज्ञान, रासायनिकी, **इलेक्ट्रिकल / इंस्ट्रुमेंटेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलिकम्युनिकेशन, मेकैनिकल, सिविल, पर्यावरणीय प्रौद्योगिकी विधाओं में** पूर्णकालिक उपाधि, स्नातक स्तर पर कुल न्यूनतम 60% अंकों सहित (अजा/अजजा के लिए 55%) अथवा किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान से समतुल्य उपाधि। |
| 2. सर्वेक्षण | खनन / सिविल प्रौद्योगिकी अथवा एम.टेक (जियोमैटिक्स) में स्नातक स्तर पर कुल न्यूनतम 60% अंकों (अजा/अजजा के लिए 55%) अथवा किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान से समतुल्य उपाधि। |
| 3. सिस्टम्स | **किसी मान्यता-प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से कम्प्यूटर विज्ञान** / सूचना प्रौद्योगिकी में **पूर्णकालिक उपाधि** अथवा एमसीए में **कुल न्यूनतम 60% अंकों सहित (अजा/अजजा के लिए 55%) अथवा किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान से समतुल्य उपाधि।** |
| 4. मानव संसाधन, सामग्री एवं ठेका तथा विपणन | किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान से **कला / वाणिज्य / विज्ञान / प्रौद्योगिकी / पेशेवर अध्ययन (बीबीए/ बीसीए आदि) में स्नातक उपाधि व साथ में संबंधित विधा में** किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान से **स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा एवं स्नातक तथा स्नाकतोत्तर दोनों स्तरों पर** कुल न्यूनतम 60% अंकों सहित (अजा/अजजा के लिए 55%) अथवा किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान से समतुल्य उपाधि। |
| 5. वित्त | **किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान से** सीए / आईसीडबल्यूए अथवा एमबीए (वित्त), स्नातक तथा स्नाकतोत्तर दोनों स्तरों पर **कुल न्यूनतम 60% अंकों सहित (अजा/अजजा के लिए 55%) अथवा किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान से समतुल्य उपाधि।** |

(ग) जिन मामलों में दो कार्य-क्षेत्रों में शैक्षणिक विशेषज्ञता प्रावधानित की गई हो, जैसे कि एक प्रमुख विधा (कार्य - क्षेत्र) तथा एक लघु-विधा, तो ऐसे मामलों में आवेदक के लिए प्रमुख विधा (अध्ययन के कार्य-क्षेत्र) की शैक्षणिक विशेषज्ञता के अनुसार ही विचार किया जाएगा। पर, यदि ऐसी दोनों शैक्षणिक विशेषज्ञताओं में कोई प्रमुख अथवा लघु के अनुसार अंतर नहीं हो, तो आवेदक के लिए इनमें से किसी भी विधा के अनुसार विचार किया जा सकता है।

(घ) सरकार / यूजीसी / एआईयू / एआईसीटीई दिशानिर्देशों के अनुसार समतुल्य शैक्षणिक योग्यता पर भी विचार किया जा सकता है।

(ङ) **अतिरिक्त इच्छित** शैक्षणिक योग्यता

पैरा [4(क)] में वर्णित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के साथ ही निम्नलिखित अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता भी इच्छित हैं-

| कैडर | **अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता** |
|---|---|
| खनन | ➢ धातुई खान अधिनियम (अप्रतिबंधित) के तहत प्रथम श्रेणी का प्रबंधकीय निपुणता प्रमाण-पत्र |
| भूविज्ञान | ➢ कम्प्यूटरीकृत सॉफ्टवेयर आधारित खनन योजनान्वयन का ज्ञान |
| सर्वेक्षण | ➢ सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर, योजनाकरण, सेक्शन्स तथा भूमि-कार्य गणना की प्रस्तुति हेतु जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग सॉफ्टवेयर के कार्य-संबंधी ज्ञान। |
| मानव संसाधन | ➢ विधि में स्नातक उपाधि |
| विधि | ➢ विधि में स्नातकोत्तर उपाधि |
| सामग्री एवं ठेका | ➢ आयात /निर्यात की विधि; एक्सिम कानून, नीति एवं नियमों का ज्ञान |
| सभी ग्रेड / कैडर | ➢ संबंधित क्षेत्र / विधा में अतिरिक्त / उच्चतर शैक्षणिक योग्यता |

| | |
|---|---|
| | ➢ नवीनतम तकनीक, तरीकों आदि के बारे में ज्ञान<br>➢ ईआरपी वातावरण में कार्य का अनुभव<br>➢ एमएस वर्ड / एक्सेल, इंटरनेट आदि में निपुणता<br>➢ विधि में स्नातक उपाधि / एमबीए / वित्त का ज्ञान |

**5.** अनुभव

**क) विभिन्न ग्रेडों के पदों के लिए न्यूनतम अनुभव का विवरण पैरा** [3] **में दिया गया है।**

ख) धातु / खनन (लौह / अलौह) उद्योग में संबंधित क्षेत्र / बड़ी परियोजना की विधा / संगठन में कार्य करने के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।

ग) **विभिन्न ग्रेडों के पदों पर कार्य के अनुभव की प्रकृति का विवरण निम्नलिखित है** :

| क्र.सं. | कैडर/विधा | आवश्यक अनुभव का क्षेत्र |
|---|---|---|
| i. | खनन* | भूमिगत खनन का अनुभव होना चाहिए। परियोजना कार्य का अनुभव। धातुई खानों में विशेष कर। |
| ii. | भूविज्ञान | कम्प्यूटर आधारित भूविज्ञान, भूमिगत मैपिंग, लॉगिंग तथा नमूनाकरण के प्रयोग से परिचित हों। |
| iii. | सर्वेक्षण | खान सर्वेक्षण हेतु आधुनिक उपकरणों, जैसे कि – डीजीपीएस, टोटल स्टेशन इंस्ट्रुमेंट आदि से सटीक सर्वेक्षण एवं लेवलिंग, खान योजनाओं, सेक्शन्स, ट्रेसिंग एवं अनिवार्य आवश्यकताओं की प्रस्तुति तथा अनिवार्य प्रतिवेदनों के जमा देने आदि के कार्यों से परिचित हों। |
| iv. | कांसन्ट्रेटर | किसी अलौह धातु उद्योग में अयस्क / खनिज की ड्रेसिंग / प्रसंस्करण कार्य से परिचित हों |
| v. | धातु विज्ञान* | किसी अलौह / तांबा धातु उद्योग के स्मेल्टर (सांद्रक) / रिफाइनरी के प्रचालन एवं अनुरक्षण करने का अनुभव। |
| vi. | रासायनिकी | किसी प्रसंस्करण (प्रोसेस) संयंत्र में कार्य-अवुभव |
| vii. | इलेक्ट्रिकल* | धातुई / खनन उद्योग के इलेक्ट्रिकल उपकरणों एवं प्रणालियों के अनुरक्षण का अनुभव। परियोजना-कार्य, समन्वयन तथा ईपीसी ठेकों आदि का अनुभव। |
| viii. | मेकैनिकल* | धातुई / खनन उद्योग, सलाहकारिता, परियोजना प्रबंधन तथा परियोजना कार्य का अनुभव। खनन मशीनरी तथा स्थापनाओं पर कार्य का अनुभव। वाणिज्यिक ज्ञान। कल्पना (कॉन्सेप्चुअलाइज़ेशन) से स्थापना व प्रारम्भ हेतु इंजीनियरिंग एवं परियोजना का कौशल। परियोजना समन्वयन, ईपीसी अनुभव आदि। |
| ix. | सिविल | मूलभूत ढाँचा (इन्फ्रास्ट्रक्चर) विकास एवं अनुरक्षण-कार्य का अनुभव। |
| x. | सिस्टम्स | ईआरपी वातावरण, खनन सॉफ्टवेयर, जैसे कि – डाटामाइन, सुरपैक आदि पर कार्य-अनुभव। |
| xi. | अनुसंधान एवं विकास (आर एण्ड डी) | उपकरणों तथा प्रोसेस संयंत्रों में विश्लेषणात्मक गतिविधियों द्वारा आर एण्ड डी कार्य के साथ परिचय |
| xii. | वित्त | खातों का अंतिमीकरण, लागत लेखा, बजटिंग, एमआईएस, विलय एवं अधिग्रहण |
| xiii. | मानव संसाधन | मानव संसाधन प्रबंधन के सभी पहलू |
| xiv. | विधि | अदालती कार्रवाई तथा फैसलों के नियमों के साथ परिचय। ठेकागत प्रबंधन, निगमित कानून, खनन अधिनियमों एवं सेवा संबंधित मामलों से परिचय |

| क्र.सं. | कैडर/विधा | आवश्यक अनुभव का क्षेत्र |
|---|---|---|
| xv. | सामग्री एवं ठेका | पुर्जों / बदलाव (रिप्लेसमेंट) का क्रय। क्रय की गुणवत्ता नियंत्रण तथा ऐसे पुर्जों, विधियों के क्रय हेतु आदेश जारी करना, भण्डारण एवं भण्डार नियंत्रण, ठेका प्रबंधन संबंधी ठोस ज्ञान<br>अथवा<br>किसी बड़े ताम्र प्रसंस्सकरण संयंत्र, विशेष कर किसी सेकण्डरी स्मेल्टर के लिए कच्चे माल के क्रय, साथ ही में तांबा धारित सामग्रियों के आयात एवं निर्यात का अनुभव। भारतीय सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क से परिचय तथा तांबा धारित सामग्रियों के आयात एवं तांबे के कैथोड के निर्यात से संबंधित। निर्यात के रूप में मान्य से संबंधित विधियों से परिचय तथा तांबा, चांदी तथा सोने के विश्लेषण की तकनीकी से परिचित हों |
| xvi. | विपणन | विपणन रणनीति के विकास से लेकर कार्यक्रमानुसार डिलीवरी (प्रेषण) के तरीकों के विकास के माध्यम से बिक्री में वृद्धि। प्रतिस्पर्धानुसार कार्रवाई हेतु बाजार का अनुसंधान करना। |
| xvii. | सुरक्षा | फैक्ट्री / खान अधिनियम के अनुपालनानुसार कार्य करना। सुरक्षा प्रणालियों को विकसित, लेखा-परीक्षित एवं बेहतर बनाना। कर्मचारियों में सुरक्षा संबंधी जागरूकता प्रसारित करना तथा सुरक्षा के पहलू से मशीनरी, उपकरणों एवं भवनों का निरीक्षण करना। सुरक्षा प्रशिक्षण एवं अग्निशमन को आयोजित करने का अनुभव। |
| xviii. | पर्यावरण प्रबंधन | पर्यावरणीय गतिविधियों के अनुपालनानुसार कार्य करना, साथ ही में वर्तमान एवं आने वाली पर्यावरण अनुकूल तकनीकों का मूल्यांकन, वायु, जल आदि से संबंधित वर्तमान एवं आने वाले नियमों का मूल्यांकन। प्रोसेसिंग संयंत्रों एवं खानों पर अपशिष्ट प्रबंधन तथा रीसाइकलिंग गतिविधियाँ |

* ई-*9*, ई-*8* तथा ई-*7* ग्रेड में इच्छित अनुभव की प्रकृति

(क) मूल आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के प्रकाशन की तिथि के पश्चात् प्राप्त अनुभव ही मान्य होगा।

(ख) संबंधित क्षेत्र से संबंधित अनुभव के बारे में ही विचार किया जाएगा।

(ग) शिक्षक के तौर पर प्राप्त शैक्षणिक अनुभव अथवा अनुसंधान हेतु शैक्षणिक कार्यक्रम के क्रम में प्राप्त अनुसंधान का अनुभव (रिसर्च फेलोशिप आदि) को इस मान्यता नहीं दी जाएगी।

**6. कम्पनी को लागत (सीटीसी)**

विभिन्न ग्रेडों में न्यूनतम / अधिकतम वेतनमान के अनुसार सीटीसी लगभग निम्नलिखित है ।

| **क्र.सं.** | **पद** | **ग्रेड** | लगभग का सीटीसी **(रु. लाख में)** | |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| 1. | कार्यपालक निदेशक | ई-9 | 35.52 | 70.90 |
| 2. | महाप्रबंधक | ई-8 | 28.59 | 66.18 |
| 3. | उप महाप्रबंधक | ई-7 | 24.00 | 61.59 |
| 4. | सहायक महाप्रबंधक | ई-6 | 21.65 | 56.86 |
| 5. | मुख्य प्रबंधक | ई-5 | 19.31 | 52.18 |
| 6. | वरिष्ठ प्रबंधक | ई-4 | 16.96 | 47.45 |
| 7. | प्रबंधक | ई-3 | 14.62 | 42.76 |
| 8. | उप प्रबंधक | ई-2 | 12.27 | 38.07 |
| 9. | सहायक प्रबंधक | ई-1 | 9.33 | 33.36 |

**7. अन्य लाभ**

चुने गए उम्मीदवार, कम्पनी के नियमों के अनुसार, मूल वेतन के अतिरिक्त आईडीए, एचआरए / कम्पनी का आवास (उपलब्धिनुसार), सुविधाएँ एवं भत्ते, पीआरपी, सीपीएफ, ग्रैच्युटी आदि तथा स्वयं एवं उनके आश्रितों हेतु चिकित्सा लाभ पाने के हकदार होंगे।

**8. आरक्षण**

क) अजा / अजजा / अपिव (नॉन क्रीमी लेयर) / भूतपूर्व सैनिक / विकलांग व्यक्तियों (पीडबल्यूडी) के उम्मीदवारों के लिए सरकारी निर्देशों के अनुसार पदों का आरक्षण किया जाएगा। आरक्षण का लाभ लेने वाले उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन में सक्षम प्राधिकरण द्वारा निर्गत जाति / विकलांगता / सेवा संबंधी प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित करनी होगी। मूल प्रमाण-पत्र को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।

ख) विकलांग व्यक्तियों के श्रेणियाँ निम्नानुसार होंगी ।

| क्र.सं. | श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| i. | नेत्रीय विकलांगता (वीएच) | अंधापन एवं कम दिखाई देना |
| ii. | श्रवण विकलांगता (एचएच) | बहरापन एवं कम सुनाई देना |
| iii. | अस्थि विकलांगता (ओएच) | अस्थि-पेशी विकलांगता, सेरिब्रल पॉल्सी, नीरोगित कुष्ठ, नाटापन (ड्वार्फिज़म), एसिड हमले के पीड़ित तथा पेशी विनष्टीकरण के पीड़ित |
| iv. | अन्य विकलांगता (ओटीएच) | ऑटिज़्म, बौद्धिक अक्षमता, निर्दिष्य शिक्षण अक्षमता तथा मानसिक रोग |
| | | शर्त (i) से (iv) के तहत, बहरापन-अंधापन सम्मिलित होने सहित, बहु-अक्षमता वाले लोग |

ग) विपरीतलिंगी लोगों को अपिव (नॉन क्रीमी लेयर) के तहत आरक्षण दिया जाएगा।

**9.** आयु में छूट

क) अजा/ अजजा/ अपिव/ पीडबल्यूडी / भूतपूर्व सैनिक की श्रेणियों के उम्मीदवारों को निम्नानुसार आयु में छूट दी जाएगी -

| **श्रेणी** | **आयु में छूट (वर्षों में)** |
|---|---|
| अजा/ अजजा | 5 |
| अपिव (नॉन क्रीमी लेयर) | 3 |
| पीडबल्यूडी - सामान्य | 10 |
| पीडबल्यूडी - अपिव (नॉन क्रीमी लेयर) | 13 |
| पीडबल्यूडी - अजा/ अजजा | 15 |
| भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम) | सीधी नियुक्ति के लिए ईसीओ/एसएससीओ सहित भूतपूर्व सैनिकों तथा कमीशन-प्राप्त अधिकारियों को सेना में सेवाकाल में तीन वर्षों की वृद्धि, बशर्ते कि (i) प्रमाणीकरण के बाद सेना में भूतपूर्व सैनिक द्वारा निरंतर सेवा प्रदान किए जाने की अवधि छः महीनों से कम नहीं हो तथा (ii) कि उनके सेवाकाल की अवधि को उनकी आयु में से घटाने से प्राप्त आयु निर्धारित आयु-सीमा से तीन वर्षों से अधिक नहीं हो तथा ग्रुप 'सी' एवं ग्रुप 'डी' में भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति से संबंधित इस विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना 39016/10/79-Estt.(C), दिनांक सं. 15.12.1979 की सामान्य शर्तों के अनुसार हो। |

ख) पर, यह तभी हो सकेगा जबकि प्राधिकृत प्राधिकरण से प्राप्त संबंधित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाए।

ग) महिला उम्मीदवार, जो विधवा, तलाकशुदा अथवा कानूनी तौर पर पति से अलग पर पुनर्विवाहित ना हो, उनके मामले में आयु की ऊपरी सीमा सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नलिखित होगी ।

| श्रेणी | छूट के अनुसार अधिकतम आयु (वर्ष) |
|---|---|
| सामान्य | 35 |
| अजा/अजजा | 40 |

**10.** आवेदनों को ऑनलाइन जमा दिया जाना -

उम्मीदवारों को कम्पनी की वेबसाइट (**www.hindustancopper.com**) पर आवेदन करना होगा। किसी भी अन्य प्रकार / विधि से किए गए आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। 'एक उम्मीदवार - एक आवेदन', यानि - किसी एक संबंधित लॉगिन (log-in ID) से किसी एक उम्मीदवारा द्वारा केवल एक आवेदन ही स्वीकार किया जाएगा। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे निर्धारित योग्यता एवं अन्य शर्तों के अनुसार ही विज्ञापन में दिए गए पदों पर अपने आवेदन करें। उन्हें सलाह दी जाती है कि उनके लिए यही सर्वश्रेष्ठ होगा कि वे अपनी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव के आधार पर ही विज्ञापन में दिए गए पद को चुनें। यदि 'एक उम्मीदवार - एक आवेदन' के नियम के स्थान पर, किसी उम्मीदवार से कई आवेदन प्राप्त होते हैं, तो उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में केवल पहला प्राप्त आवेदन ही को स्वीकार किया जाएगा। आवश्यक ग्रेडों के लिए लिखित परीक्षाएँ सभी पदों के लिए एक ही दिन आयोजित होंगी।

**11.** ऑनलाइन आवेदन की प्रारम्भ एवं अंतिम तिथियाँ

ऑनलाइन आवेदन जमा देने के लिए वेबसाइट (www.hindustancopper.com) के माध्यम से एक लिंक **15.09.2018 (**प्रात: **10** बजे**)** से **06.10.2018 (**मध्यरात्री**)** तक लाइनें खुली रहेंगी। अत: आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **06.10.2018** होगी।

**12.** आवेदन शुल्क

क) पीडबल्यूडी आवेदकों के अतिरिक्त सभी आवेदकों को एक गैर-वापसी आवेदन प्रोसेसिंग शुल्क भरना होगा। इसके विवरण निम्नलिखित हैं ।

(i) सामान्य एवं ओबीसी उम्मीदवारों के लिए : रु.**1,000/-** (रुपए एक हजार मात्र)

(ii) अजा एवं अजजा उम्मीदवारों के लिए : रु. **500/-** (रुपए पाँच सौ मात्र)

ख) उम्मीदवार द्वारा प्रोसेसिंग शुल्क तथा प्रयोग्य बैंक शुल्क का भुगतान केवल एचसीएल की वेबसाइट पर पेमेंट गेटवे / एनईएफटी ऑनलाइन ट्रान्सफर के द्वारा किया जाना होगा। किसी भी अन्य प्रकार से भुगतान स्वीकृत नहीं होगा।

ग) एक लॉग इन-आईडी के लिए केवल एक शुल्क लिया जाएगा। एक शुल्क पर बहु-आवेदनों के मामले में, केवल पहले प्राप्त आवेदन को बैंक द्वारा शुल्क जमा दिए जाने के सत्यापन होने पर ही स्वीकार किया जाएगा।

13. **आंतरिक उम्मीदवार**

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड में सेवारत कर्मचारी, जो कि विज्ञापन किए गए पदों के लिए आवेदन करने को इच्छुक हों, उन्हें भी अपने आवेदन ऑनलाइन जमा करने होंगे। इन्हें आवेदन प्रोसेसिंग शुल्क के भुगतान से छूट होगी तथा इनके लिए कोई आयु-सीमा भी नहीं होगी। पर, इन लोगों के पास आवेदित पद से ठीक निम्न पद एवं वर्ग / वेतनमान में कम से कम एक वर्ष के कार्य करने का अनुभव होना चाहिए व आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए। उन्हें अपना आवेदन ऑनलाइन जमा करके, पावती एवं अन्य आवश्यक कागजात को उचित माध्यम से (इकाई / कार्यालय) अपना आवेदन जमा करना होगा, जो कि विजिलेन्स/ अनुशासनात्मक जाँच के प्रतिवेदन, दोनों के साथ, आवेदनों के जमा किए जाने की अंतिम तिथि से दस (10) दिनों के अन्दर निगमित कार्यालय के पास भेजा जाएगा। यदि कोई उपरोक्त प्रावधानों की आपूर्ति में अक्षम पाए गए, तो साक्षात्कार के समय उन आंतरिक उम्मीदवारों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं निर्गत किया जाएगा। इस प्रकार से प्राप्त योग्य आवेदनों पर संबंधित पदों के लिए प्राप्त आवेदनों के साथ ही विचार किया जाएगा।

**14. चुनाव की प्रणाली**

**क) ई-1 से ई-4 के पदों के लिए चुनाव की प्रणाली पहले लिखित परीक्षा एवं उसके परिणाम के आधार पर चुने गए उम्मीदवारों की अल्पसूचि के अनुसार के व्यक्तिगत साक्षात्कार पर आधारित होगी।**

**ख) ई-5 से ऊपर के पदों के लिए चुनाव की प्रणाली जाँचे एवं चुने गए उम्मीदवारों के व्यक्तिगत साक्षात्कार पर ही आधारित होगी।**

**ख) प्राप्त आवेदनों की संख्या आदि के आधार पर प्रबंधन का अधिकार होगा कि वह उम्मीदवारों का चुनाव करे तथा चुनाव के लिए औपचारिकता, जैसे कि - स्थान / समय आदि के लिए निर्णय ले।**

15. **आमंत्रण-पत्र / प्रवेश कार्ड**

लिखित परीक्षा / व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आमंत्रण पत्र-एचसीएल की वेबसाइट (**www.hindustancopper.com**) से डाउलोड किए जाने हेतु उपलब्ध होगा। उम्मीदवार के साथ समस्त पत्राचार एवं घोषणाएँ ई मेल-/ कम्पनी की वेबसाइट के माध्यम से होंगी। उम्मीदवार का दायित्व होगा कि वह प्रवेश-पत्र तथा साक्षात्कार आमंत्रण-पत्र को प्रिंट कर ले, जिसके बारे में कम्पनी की वेबसाइट पर सूचना दी जाएगी। उम्मीदवार द्वारा दिए गए किसी अवैध / गलत ई-मेल आईडी अथवा किसी भी कारण से हुई ई-मेल की हानि के लिए कम्पनी जिम्मेदार नहीं होगी।

**16. संशोधन / परिवर्तन / शुद्धिपत्र**

इस विज्ञापन के माध्यम से किए गए नियुक्ति संबंधी किसी मामले में संशोधन / परिवर्तन / शुद्धिपत्र की सूचना केवल कम्पनी की वेबसाइट (www.hindustancopper.com) पर ही दी जाएगी और समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगी। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर वेबसाइट पर जाकर अद्यतन विवरण प्राप्त करते रहें।

**17.** सामान्य

i. केवल 18 (अट्ठारह) वर्ष एवं इससे अधिक आयु के भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के योग्य हैं।

ii. उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपना ऑनलाइन भर्ती आवेदन समाप्ति की तिथि से यथासम्भव पहले ही अपने आवेदन जमा कर दें और समाप्ति की तिथि की प्रतीक्षा मत करें।

iii. ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवारों को यह भी परामर्श दिया जाता है कि वे वेबसाइट पर "ऑनलाइन आवेदन फॉर्म कैसे भरें" खण्ड में दिए गए निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें। वे ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए निर्देश प्राप्त करने हेतु 'कैरियर' बटन को दबाएं ।

iv. उम्मीदवार का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ (300 केबी से कम आकार का) तथा काली स्याही से किया गया हस्ताक्षर (50 केबी से कम आकार का) जेपीजीप्रारूप (फॉर्मैट) में अपलोड किया जाना चाहिए।

v. ऑनलाइन आवेदन जमा देने के पश्चात, उम्मीदवार कम्प्यूटर से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन एवं पावती स्लिप को प्रिंट करवा लें और उसे आगामी संदर्भ एवं रिकॉर्ड हेतु अपने पास रखें ।

vi. लिखित परीक्षा से पहले उम्मीदवारी व योग्यता के मानदण्ड की जाँच नहीं की जाएगी। अत:, आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे पहले स्वयं को इस बारे में संतुष्ट कर लें कि वे निर्धारित योग्यता मनदण्ड के अनुसार हर प्रकार से उक्त पद के योग्य हैं।

vii. उम्मीदवार इस बात का भी ध्यान रखें कि, उनके द्वारा आवेदन फॉर्म में दिए गए सभी विवरण वैसे ही मान लिए जाएंगे जैसा उन्होंने प्रदान किया है सामने है, उसी के आधार पर माना जाएगा और जब आवश्यकता होगी, तो उनकी सटीकता एवं सत्यता को स्थापित करने का दायित्व आवेदक का ही होगा।

viii. लिखित परीक्षा में आने के लिए कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

ix. सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत, उम्मीदवारों के पास प्रकटीकरण योजना नहीं लेने का विकल्प होगा। यह विकल्प आवेदन भरते समय लिया जाना होगा ।

x. आवेदन में नाम / उपनाम / नाम के उच्चारण में योग्यता / जाति प्रमाण-पत्र आदि के साथ विसंगति के मामले में, उम्मीदवार को किसी प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट / समुचित प्राधिकरण के समक्ष लिया गया इससे संबंधित एक हलफनामा, संबंधित दस्तावेजों सहित साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा, जिनके बिना उनकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा।

xi. साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवारों तथा वास्तव में साक्षात्कारित उम्मीदवारों को यात्रा व्यय का भुगतान, भारत में उनके पत्राचार के पते से साक्षात्कार स्थल तक के आवागमन के सबसे कम दूरी वाले रास्ते के लिए उनके द्वारा यात्रा के साक्ष्य की प्रस्तुति के उपरांत वास्तविक दर पर, निम्निखित सीमा के अधीन किया जाएगा ।

| क्र. सं. | पद एवं ग्रेड | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सहा. मप्र एवं उसके ऊपर [ई6 - ई8] | रेलवे एसी I / एक्सेक. सीसी अथवा हवाई एपेक्स / निम्नतम श्रेणी |
| 2 | वरि. प्र. [ई4] एवं मु.प्र. [ई5] | रेलवे एसी II टायर / एसी सीसी |
| 3 | प्र. तक [ई-3] | रेलवे एसी III टायर / एसी सीसी |

जिन स्थानों से आने अथवा जाने के लिए रेलवे की सुविधा नहीं है, वहाँ से यात्रा करने हेतु बस का किराया, यात्रा के साक्ष्य की प्रस्तुति पर भुगतान किया जाएगा।

xii. सरकारी / अर्ध-सरकारी / सार्वजनिक उपक्रम संगठनों में नियुक्त उम्मीदवार भी अपने आवेदन केवल ऑनलाइन ही जमा देंगे। वे अपने आवेदन की एक प्रतिलिपि अपने वर्तमान नियोक्ता को सही क्रमानुसार आगे बढ़ाने हेतु जमा कर दें, या फिर उसके स्थान पर साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करें, जिसके बिना साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा तथा यात्रा भत्ते के दावे पर विचार भी नहीं किया जाएगा। पर, आंतरिक उम्मीदवारों पर यह लागू नहीं होगा, क्योंकि उन पर विज्ञापन के पैरा 13 की शर्तें लागू होती हैं।

xiii. एचसीएल को अधिकार होगा कि यदि नियुक्ति के दौरान कोई उम्मीदवार आवेदित पद के योग्य नहीं लगे, तो उसके आवेदन को निरस्त कर दे।

xiv. एचसीएल द्वारा, आवश्यकतानुसार, बिना किसी पूर्व सूचना दिए अथवा कारण बताए, रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन करने / एवं / अथवा नियुक्ति की विधि को रद्द / प्रतिबंधित / संशोधित / परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

xv. कम्पनी को अधिकार है कि वह रिक्तियों की संख्या एवं आवेदनों की संख्या आदि के अनुसार उम्मीदवारों का चुनाव कर सके और यह निर्णय करे कि नियुक्ति साक्षात्कार अथवा लिखित परीक्षा या फिर दोनों प्रकार से की जाए तथा इस हेतु स्थल / तिथि निर्णीत करे।

xvi. चुने गए उम्मीदवार भारत / विदेश में किसी भी स्थान में कम्पनी के व्यावसायिक हित में सेवा प्रदान करेंगे।

xvii. यदि बाकी सभी बिंन्दुओं पर समानता पाई जाए, तो धातु खनन उद्योग के अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

xviii. एचसीएल डाक परागमण सेवा विलम्ब अथवा हानि के लिए किसी भी अन्य कारण के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

xix. हिन्दी प्रारूप में वर्णित किसी भी प्रकार की अस्पष्टता या विसंगती या संदेह या उलझन के मामले में अंग्रेजी प्रारूप के वर्णन प्रभावी माने जाएंगे।

xx. यदि कोई उम्मीदवार अपने लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से उपार्थना करता पाया गया, तो किसी भी पद के लिए उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

xxi. इस नियुक्ति प्रक्रिया से उत्पन्न किसी भी प्रकार के विवाद की कानूनी सीमा केवल कोलकाता होगी।

xxii. एचसीएल एक समान अवसर नियोक्ता है तथा कार्यस्थल विविधता को प्रात्साहित करता है।

++++++++++++++++++++++++++++++